आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 01.03.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित किया, कहा– इस वर्ष के आम बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है।
- माणा गांव के पास हिमस्खलन के बाद 50 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया, 5 अन्य की तलाश के लिए राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी।
- टिहरी जिले के मुनिकीरेती में सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव शुरू।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दून विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 'राष्ट्रीय संस्थागत नेतृत्व समागम' का शुभारंभ किया।

**प्रधानमंत्री बजट वेबिनार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। प्रधानमंत्री ने आज कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश का विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने का संकल्प स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए सरकार ने किसानों को गौरव का स्थान दिया है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने केंद्रीय बजट में 'पीएम धन धान्य कृषि योजना' की घोषणा की है, जिसके तहत देश में सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले 100 जिलों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह 'बीज से बाजार तक' कार्यक्रम जैसी सरकार की पहलों के माध्यम से संभव हुआ है।

प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि फलों और सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम लागू किए जा रहे हैं और बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की भी घोषणा की गई है।

**माणा बचाव अभियान**

चमोली जिले में माणा गांव के पास कल हुए हिमस्खलन के बाद अब तक 50 श्रमिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि 5 अन्य की तलाश के लिए राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है। वहीं, 4 घायल श्रमिकों की मृत्यु हो गई। आज मध्य कमान के जीओसी–इन–सी, लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता और उत्तर भारत क्षेत्र के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल डी.जी मिश्रा ने माणा हिमस्खलन क्षेत्र का दौरा कर बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी टीमों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अत्यधिक बर्फबारी से मार्ग अवरुद्ध होने के कारण 6 हेलीकॉप्टरों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए सेना और अन्य एजेंसियां लगातार प्रयासरत हैं। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने ज्योतिर्मठ में सेना और बचाव कार्य में लगी एजेंसियों के अधिकारियों से मुलाकात कर ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्य को तेजी से और प्रभावी तरीके से संचालित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने सुरक्षित निकाले गए बीआरओ के श्रमिकों से भी मुलाकात की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मुख्यमंत्री से फोन पर बात कर स्थिति की जानकारी ली और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

**जनजातीय महोत्सव**

राजधानी देहरादून में आज से तीन दिवसीय जनजातीय महोत्सव की शुरुआत हो गई है। इसमें उत्तराखंड समेत देश के कई राज्यों की जनजातियां हिस्सा ले रही है। साथ ही इन क्षेत्रों में केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों व स्थानीय उत्पादों के 150 से अधिक स्टॉल लगाएं गए हैं। जनजातीय कल्याण विभाग के निदेशक संजय सिंह टोलिया ने बताया कि जनजातीय समुदायों के लिए संचालित केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को और ज्यादा प्रभावी बनाने और अति पिछड़े क्षेत्र के लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

## योग महोत्सव

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज ने आज टिहरी जिले के मुनिकीरेती में सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव में देश–विदेश के ख्याति प्राप्त योगाचार्य, साधकों और प्रतिभागियों ने विभिन्न योग आसनों और ध्यान विधियों का अभ्यास किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि यह क्षेत्र ऋषि मुनियों की तप भूमि के साथ ही देश के योग स्थलों में प्रसिद्ध है। इस स्थान ने पूरे दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि विश्वभर से लोग, योग सीखने के लिए इस क्षेत्र में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग से कई रोगों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान हमने लोगों का ध्यान योग की ओर आकर्षित कर लोगों में जीने की चाह को बढ़ाने का कार्य किया है।

## कार्यशाला

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में दून विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 'राष्ट्रीय संस्थागत नेतृत्व समागम' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के विकास में ऐसे सम्मेलन न केवल नई दिशाओं को दर्शाते हैं, बल्कि देश के युवाओं के लिए उत्कृष्ट शोध व नवाचार को भी प्रोत्साहित करते हैं।

वहीं दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने इस तरह के कार्यक्रम को आज के परिवेश में बहुत आवश्यक बताया।

राष्ट्रीय संस्थागत नेतृत्व समागम में देशभर से आए शिक्षाविदों, अनुसंधानकर्ताओं, राष्ट्रीय संस्थानों के प्रमुखों, शिक्षकों और छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने मुलाकात की। राज्यपाल ने ट्रस्ट, शासन और प्रशासन के बेहतर समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि इस यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं, श्री बिंद्रा ने बताया कि इस वर्ष गुरुद्वारे के कपाट 25 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा का विधिवत शुभारंभ 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में प्रथम जत्थे की रवानगी के साथ होगा।